प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र को बताया भारत की विकास यात्रा को गति देने वाला महत्वपूर्ण अवसर, सभी दलों से सकारात्मक सहयोग का किया आग्रह।
- राज्य में सभी 48 नगर निकायों के चुनाव एक चरण में कराने की तैयारियां हुई तेज, आयोग ने मतदाता सूची, बूथ योजना, सुरक्षा व्यवस्था को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धान खरीद प्रक्रिया शुरू न होने पर राज्य सरकार की आलोचना की, जल्द खरीद केंद्र खोलने और बिचौलियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।
- राज्य के विभिन्न जिलों में अवैध शराब के खिलाफ हुई कार्रवाई, छापेमारी में बड़ी मात्रा में अवैध शराब हुई जब्त, कई आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।
- राज्य में दिन के तापमान में वृद्धि से लोगों को मिली आंशिक राहत, अगले कुछ दिनों में सुबह कोहरा छाने की जताई गई संभावना।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की आर्थिक उन्नति आज उल्लेखनीय ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि यह गति भारत को विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर बढ़ने का नया आत्मविश्वास देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि शीतकालीन सत्र हार से पैदा हुई हताशा का युद्धक्षेत्र न बने और न ही जीत से पैदा हुए अहंकार का अखाड़ा बने। उन्होंने कहा कि राजनीति में नकारात्मकता की कुछ उपयोगिता हो सकती है, लेकिन अंततः राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक सोच की आवश्यकता होती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वरिष्ठ सांसदों को युवा सांसदों की नई पीढ़ी को अवसर देना चाहिए।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। इस श्रृंखला में पेश है देश के कपड़ा क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट –

****

राज्य में सभी 48 नगर निकायों के चुनाव एक ही चरण में कराने की तैयारी शुरू हो गई है और राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलों को सभी व्यवस्थाएं तेज करने के निर्देश दिए हैं। पहले वार्डों का आरक्षण तय कर सूची सार्वजनिक की जाएगी, जिसके बाद मेयर और अध्यक्ष पदों का आरक्षण घोषित होगा, जिसमें प्रारंभिक अनुमान के अनुसार रांची और आदित्यपुर का मेयर पद एसटी और गिरिडीह का एससी वर्ग के लिए आरक्षित रह सकता है। आयोग ने मतदाता सूची, बूथ योजना और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को तुरंत पूरा करने को कहा है, जबकि चुनाव अधिसूचना जनवरी के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह में जारी होने की संभावना है।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर धान खरीदारी प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं करने का आरोप लगाया है, जिससे किसानों में निराशा बढ़ रही है। अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर उन्होंने कहा कि खरीद केंद्र नहीं खुलने से किसान मजबूरी में धान को बिचौलियों को 14–15 रुपये प्रति किलो की दर से बेच रहे हैं और आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सभी जिलों में तत्काल क्रय केंद्र शुरू करने और बिचौलियों पर कार्रवाई की मांग की।

****

रांची मुख्यालय के अधीक्षक, उत्पाद के नेतृत्व में बोकारो के कसमार थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के तहत बहादुरपुर, कसमार रोड और खैराछात्तर स्थित कम्पोजिट शराब दुकानों का औचक निरीक्षण

किया गया। टीम ने एक किराना दुकान और उससे सटे घर में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड की अवैध विदेशी शराब बरामद की।

इधर गिरिडीह ज़िले में उत्पाद विभाग ने पुराने सर्किट हाउस में रखी जब्त शराब की पेटियां चोरी कर बाजार में खपाने के आरोप में स्पेशल ब्रांच का पूर्व एसपीओ शशि कुमार राय और उसके तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। उधर हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने चौपारण थाना क्षेत्र के वृंदा और डोमापहाड़ी में सघन छापेमारी कर 4000 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया, साथ ही 200 लीटर अवैध चुलाई शराब और निर्माण उपकरण जब्त किए और संलिप्त आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

****

रामगढ़ जिले में "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत 21 नवंबर से 28 नवंबर तक "सेवा का अधिकार" सप्ताह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, आज सुबह के कारोबार में उतार–चढाव देखने को मिला। सेंसेक्स 36 अंक बढ़कर 85 हजार 743 पर जबकि निफ्टी 18 अंक गिरकर 26 हजार 184 पर कारोबार कर रहे थे।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 19 हजार 400 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 75 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

****

पूरे राज्य में फिलहाल ठंड से आंशिक राहत मिली है और लोग दिन में खिली धूप का आनंद ले रहे हैं। पिछले 24 घंटे में तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि राज्यभर में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार 6 दिसंबर तक रांची में सुबह कोहरा या धुंध और दिन में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

*******समाप्त*************